# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

**हौज खास, नई दिल्ली–110016 वेबसाइट : www.iitd.ac.in**

**विज्ञापन संख्या:/ई–II/07/2024(डीआर) दिनांक 11 मार्च, 2024**

**Advt. No. – E-II/07/2024(DR) Dated March 11, 2024**

**भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :**

| क्रम. सं. | पदनाम | संवर्ग | रिक्तियों की संख्या एवं समूह | | | | | | | 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स | आयु सीमा* वर्षो में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनु. जाति | अनु. जन. जाति | अ.पि.व. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | कुल | समूह | | |
| 01 | चिकित्सा अधिकारी | अस्पताल | - | - | - | 02 | 01 | 03 | ए | 10 | 45 |
| 02 | स्टाफ नर्स | | 01 | - | - | - | - | 01 | बी | 7 | 35 |
| 03 | फिजियोथेरेपिस्ट | | 02 | - | - | - | - | 02** | बी | 6 | 35 |
| 04 | अग्निशमन अधिकारी | सम्पदा एवं निर्माण | 01 | - | - | - | - | 01 | बी | 6 | 35 |
| 05 | सिस्टम विश्लेषक | कम्प्यूटर सेवा केन्द्र (कोर) | 02 | - | - | - | - | 02 | बी | 8 | 40 |
| 06 | अनुप्रयोग विश्लेषक | | 02 | 01 | - | 02 | - | 05 | बी | 6 | 35 |
| 07 | सहायक खेल अधिकारी | खेल प्रशासन | 01 | - | - | - | - | 01 | बी | 6 | 35 |
| 08 | कनिष्ठ परामर्शदाता | परामर्श | 03 | - | - | - | - | 03 | बी | 6 | 35 |
| 09 | सहायक कार्यक्रम समन्वयक | ईटीएससी | 01 | - | - | - | - | 01 | ए | 10 | 45 |
| 10 | प्रोडक्शन सहायक | | 04 | - | - | 01 | - | 05 | सी | 5 | 30 |
| 11 | सहायक (केयरटेकिंग) | आतिथ्य एवं केयरटेकिंग | 01 | - | - | - | - | 01 | सी | 5 | 30 |
| 12 | आतिथ्य सहायक | | - | - | - | - | 01 | 01 | सी | 5 | 30 |
| 13 | लेखा/लेखा परीक्षा सहायक | लेखा/लेखा परीक्षा अनुभाग | - | - | 01 | - | - | 01 | सी | 5 | 30 |
| | कुल पद | | **18** | **01** | **01** | **05** | **02** | **27** | | | |

* आयु सीमा/ छूट, **भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022** संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारी के बिन्दु 13 परिशिष्ट A1 (प्रावधान युक्त अधिसूचना) पृष्ठ 11 एवं 12 के अनुसार होगी जो संस्थान की आर.टी.आई. वेबसाइट http://rti.iitd.ac.in/ पर उपलब्ध है।

** महिला तथा पुरुष प्रत्येक के लिए 01 रिक्ति आरक्षित है।

**उपरोक्त पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता /अनुभव :**

1. **चिकित्सा अधिकारी**

**अनिवार्यः**

भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की पहली अनुसूची, दूसरी अनुसूची या तीसरी अनुसूची के भाग–II (लाइसेंसधारी योग्यता के अलावा) में शामिल एक मान्यता प्राप्त एम.बी.बी.एस. उपाधि। तीसरी अनुसूची के भाग–II में शामिल शैक्षिक योग्यता धारकों को भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की धारा 13 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करना होगा और इसके बाद वे अनिवार्य रोटेटरी इन्टर्नशिप को पूरा करते हों। किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय**

(i) किसी मेडिकल कॉलेज या बड़े सरकारी/मान्यता प्राप्त प्राइवेट अस्पताल से 03 वर्ष का कार्यानुभव।

(ii) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना G.S.R. 272 (E) दिनांक 07.04.2022 की अनुसूची–VI में अनुभाग–'ए' या अनुभाग–'बी' में उल्लिखित संबंधित विशेषज्ञता या सुपर–विशेषज्ञता में डिप्लोमा या चिकित्सा की उपयुक्त शाखा में एम.डी. या एम.एस.।

**अथवा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना G.S.R. 272 (E) दिनांक 07.04.2022 की अनुसूची–VI में अनुभाग–'ए' या अनुभाग–'बी' में उल्लिखित संबंधित विशेषज्ञता या सुपर–विशेषज्ञता में डिप्लोमा या चिकित्सा की उपयुक्त शाखा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, साथ ही मान्यता प्राप्त अस्पताल में कम से कम 1 वर्ष का अनुभव ।

(iii) उपरोक्त शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा/एम.डी./एम.एस. अधिमानतः मेडिसन/वक्ष रोग/बाल चिकित्सा/प्रसूति तथा स्त्री रोग/परिवार चिकित्सा/मनोचिकित्सा/ अन्य में हो सकती है।

2. **स्टाफ नर्स**

**अनिवार्यः**

(i) भारतीय नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग/बी.एससी।

**अथवा**

भारतीय नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से बी.एससी. (पोस्ट–सर्टिफिकेट)/ पोस्ट बेसिक बी.एससी नर्सिंग।

(ii) राज्य/भारतीय नर्सिंग परिषद में नर्स और मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत।

**अथवा**

2(i) भारतीय नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान/बोर्ड या परिषद से जनरल नर्सिंग मिडवाइफ में डिप्लोमा।

(ii) राज्य/भारतीय नर्सिंग परिषद में नर्स और मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत।

(iii) ऊपर उल्लिखित शैक्षिक योग्यता के बाद न्यूनतम 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में दो वर्ष का कार्यानुभव।

3. **फिजियोथेरेपिस्ट**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ फिजियोथेरेपी की उपाधि तथा मान्यता प्राप्त अस्पताल/संस्थान/कॉलेज से 3 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ फिजियोथेरेपी/फिजियो ऑक्यूपेशनल थेरेपी में डिप्लोमा (10+2 के बाद) सहित किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल/संस्थान/कॉलेज से न्यूनतम 5 वर्ष का संबंधित अनुभव।

4. **अग्निशमन अधिकारी**
**अनिवार्यः**

(i) न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग स्नातक उपाधि (अग्निशमन एवं सुरक्षा) या समकक्ष योग्यता डिग्री।

(ii) सिविल/रक्षा अग्निशमन सेवा संगठन/सार्वजनिक उपक्रम में उप अधिकारी या समकक्ष पद के रूप में अग्नि सुरक्षा या अग्निशमन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

5. **सिस्टम विश्लेषक**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ उपयुक्त क्षेत्र में इंजीनियरिंग में एम. टेक. उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित क्षेत्रों में 04 वर्ष का संबंधित समग्र अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर/बी.टेक. उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित क्षेत्रों में 06 वर्ष का संबंधित समग्र अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक उपाधि या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित क्षेत्रों में 08 वर्ष का संबंधित समग्र अनुभव।

6. **अनुप्रयोग विश्लेषक**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अहर्ता उपाधि में न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर अथवा उपयुक्त क्षेत्र में बी.ई./बी.टेक. अथवा उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष शैक्षिक योग्यता के साथ **अनुलग्नक–1** में उल्लिखित क्षेत्रों में 03 वर्ष का संबंधित अनुभव।

7. **सहायक खेल अधिकारी**
**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अहर्ता उपाधि में कम से कम 55% अंकों के साथ बैचलर इन फिजिकल एजुकेशॅन (बी.पी. ऐड़) में स्नातक उपाधि अथवा इसके समकक्ष के साथ विश्वविद्यालय/संस्थान में न्यूनतम 02 वर्ष का कोचिंग अनुभव।

**वांछनीयः**

(i) कम से कम एक इन्टर विश्वविद्यालय भागीदारी के साथ फिजिकल एजुकेशॅन में मास्टर।

(ii) सरकारी/स्वायत्त निकाय/अथवा विश्वविद्यालय या कालेज में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।

(iii) प्रतिष्ठित संस्थान से एम.एस. वर्ड, ऐक्सल, आदि में कम्प्यूटर पाठ्यक्रम।

**8. कनिष्ठ परामर्शदाताः**

**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 55% अंकों (या समकक्ष ग्रेड प्वाइंट औसत) के साथ नैदानिक या परामर्श सेवा या मनोचिकित्सा में विशेषज्ञता के साथ मनोविज्ञान या सामाजिक कार्य में मास्टर और मनोविज्ञान में स्नातक।

**अनुभवः**

निम्नानुसार 05 वर्ष का प्रासंगिक अनुभवः–

क. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में 1 वर्ष का नैदानिक अनुभव और;

ख. पूर्णकालिक परामर्शदाता के पद पर 4 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय**

(i)(ख) उपरोक्त किसी शैक्षिक संस्थान में होना चाहिए (ए) तथा (बी) उपरोक्त में सामूहिक परामर्श तथा व्यक्तिगत परामर्श होना चाहिए।

(ii) उत्कृष्ट संचार कौशल।

**9. सहायक कार्यक्रम समन्वयक**

**अनिवार्यः**

अहर्ता उपाधि में न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.टेक. अथवा समकक्ष सहित 5 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

अहर्ता उपाधि में न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.सी.ए./एम.एससी./बी.टेक. तथा समकक्ष सहित 7 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**10. प्रोडक्शन सहायक**

**अनिवार्यः**

अहर्ता उपाधि या समकक्ष में न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान/कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक उपाधि या समकक्ष।

**अथवा**

न्यूनतम 55% अंकों के साथ संबंधित क्षेत्र में 3 वर्ष का डिप्लोमा या समकक्ष सहित 2 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**11. सहायक (केयरटेकिंग)**

**अनिवार्य**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में अहर्ता उपाधि में कम से कम 55% अंकों के साथ होटल प्रबन्धन में स्नातक उपाधि अथवा समकक्ष के साथ 02 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।

12. **आतिथ्य सहायक**

**अनिवार्यः**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में अहर्ता उपाधि में कम से कम 55% अंकों के साथ होटल प्रबन्धन में स्नातक उपाधि अथवा समकक्ष के साथ 01 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में अहर्ता उपाधि में कम से कम 55% अंकों के साथ होटल प्रबन्धन में स्नातक उपाधि अथवा समकक्ष के साथ किसी भी विषय में निष्णात उपाधि।

13. **लेखा एवं लेखा परीक्षा सहायक**

**अनिवार्यः**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अहर्क उपाधि में न्यूनतम 55% अंकों के साथ बी.कॉम अथवा समकक्ष योग्यता।

**अनुलग्नक–1**

**क्रम सं. 5 सिस्टम विश्लेषक पद के लिए**

जावा प्रौद्योगिकी में ERP सिस्टम विकास, समर्थन एवं अनुरक्षण तथा विकसित मॉडयूल के विकास अनुरक्षण तथा समर्थन में अच्छा कार्यानुभव होना चाहिए तथा प्रत्याशी को लिनक्स, डेटाबेस तथा अपाचे कॉन्फिग्युरेशन के साथ–साथ SNV जैसे कोड वर्जनिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए।

**क्रम सं. 6 अनुप्रयोग विश्लेषक पद के लिए**

(क) जावा प्रौद्योगिकी में ERP सिस्टम विकास, समर्थन एवं अनुरक्षण तथा रिपोर्ट लेखन में अच्छा ज्ञान।

**अथवा**

(ख) लारवेल फ्रेमवर्क में वेबसाइट विकास तथा अनुरक्षण का अनुभव तथा वेबसाइट ऑडिट, सुरक्षा में अनुभव। ERP तथा वेबसाइट विशेषज्ञता दोनों में गहन डेटाबेस कार्य अनुभव तथा ज्ञान होना चाहिए।

**सामान्य निर्देश :**

1. अभ्यार्थी को संबंधित पद हेतु आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं, आयु एवं पात्रता अनुभव मानदण्ड के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। चूंकि ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रत्याशी द्वारा दिए गए डाटा के आधार पर सभी आवेदनों को जांचा जाएगा। प्रत्याशी जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी योग्यता के अनुसार वह स्वयं सन्तुष्ट हों। यदि भर्ती एवं चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर प्रत्याशी द्वारा दी गई सूचना को झूठा अथवा गलत पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी।

2. **एक बार आवेदन जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें तबदीली/पुनः प्रविष्ट नहीं किया जा सकता।** एक बार सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में प्रत्याशी द्वारा भरे गए किसी भी डाटा/विवरण में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा। अतः ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी डाटा/विवरण पहले से ही तैयार रखें। **प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए Mozilla firefox का उपयोग करें।**

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस./पी.डब्ल्यू.डी. जैसे आरक्षित वर्ग के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अपने नवीनतम सहायक दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे; अन्यथा, उनके आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज किया जा सकता है।

4. प्रत्येक पद के समक्ष उल्लिखित 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग में वर्णित मैट्रिक्स के अतिरिक्त वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप भा.प्रौ.सं. दिल्ली नियमों के अन्तर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्ते दिए जाएंगे।

5. (क) भर्ती पोर्टल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से समूह 'ए' पदों के लिए **₹500/–**(केवल पांच सौ रुपए) समूह 'बी' एवं 'सी' पदों के लिए **₹200/–**(केवल दो सौ रुपए) शुल्क का भुगतान करना होगा। **केवल शुल्क भुगतान के बाद ही जमा किया गया आवेदन पत्र स्वीकार होगा।** संस्थान के किसी अन्य गेटवे/पोर्टल पर किया गया भुगतान आवेदन के लिए भुगतान किया गया शुल्क नहीं माना जाएगा।

(ख) उम्मीदवार को शुल्क भुगतान के लिए खुद को सन्तुष्ट करना होगा तथा रिकॉर्ड के लिए भुगतान का प्रमाण रखना होगा। किसी भी कारण से भुगतान विफल होने की स्थिति में, संस्थान किसी भी परिस्थिति में आवेदन की अंतिम तिथि के बाद शुल्क के भुगतान की अनुमति नहीं देगा।

(ग) एक बार शुल्क का भुगतान होने के बाद किसी भी स्थिति में शुल्क वापिस अथवा पुनः समायोजित नहीं होगा। अनु. जाति/अनु. जनजाति, दिव्यांग श्रेणी तथा महिला प्रत्याशियों को शुल्क से छूट प्राप्त है।

6. शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव को पूरा करना मूल आवश्यकता है। सामान्य तौर पर मानकों का पालन करते हुए प्रत्याशी को भर्ती/चयन के स्तरों में आगे बढ़ते हुए मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। यदि प्राप्त आवेदन विज्ञापित पदों की संख्या से अधिक हैं तो स्क्रूटनी/शॉर्टलिस्टिंग समिति आवेदकों के शैक्षणिक प्रदर्शन और/या अनुभव के वर्षों अथवा अन्य आधार पर शॉर्टलिस्टिंग के लिए अतिरिक्त मानदंड तय करने का निर्णय ले सकती है और शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को संस्थान के निर्णयानुसार योग्यता पर लागू होने वाली कुछ मूल्यांकन प्रक्रिया और बाद के चरण (चरणों) के लिए बुलाया जाएगा।

7. आवेदकों की संख्या अत्याधिक होने पर शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग के उच्च मानदण्ड अपना सकती है। यानि शॉर्टलिस्टिंग समिति उच्च डिग्री/वर्षों में आवश्यक न्यूनतम अनुभव/वेतन स्तर/केवल सरकारी संगठन में नियमित पद पर अनुभव/अंकों में प्रतिशत आदि पर विचार कर सकती है। इसलिए आवेदन अनंतिम रूप से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे शैक्षिक योग्यता, आयु आदि की अपेक्षाओं को ध्यान से पढ़ें और आवेदन करने से पहले खुद को संतुष्ट कर लें कि आप आई.आई.टी. दिल्ली द्वारा प्रकाशित/अपलोड किए गए विज्ञापन के अनुसार पात्र हैं। यदि कोई जानकारी या दावा प्रमाणित नहीं पाया जाता है तो आपकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जाएगी। जिसमें संस्थान द्वारा दस्तावेजों की जॉच/सत्यापन भी शामिल हैं।

8. उम्मीदवार द्वारा अपने ऑनलाइन पंजीकरण फार्म/आवेदन पत्र में की गई घोषणा के आधार पर उन्हें कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) मोड में भर्ती परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अस्थायी रूप से पात्र घोषित किया जाएगा। हालॉकि संस्थान द्वारा निर्णय के अनुसार परिणाम घोषित होने से पहले या बाद में आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर प्रारंभिक जॉच की जा सकती है। सभी चयन योग्यता के क्रम में किए जाएंगे। चयनित उम्मीदवार निर्धारित मूल तथा अन्य सत्यापन सहित ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड में बहुस्तरीय दस्तावेज सत्यापन के अधीन है। यदि कोई प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रकाशित/अपलोड किए गए विज्ञापन के अनुसार दावा की गई निर्धारित योग्यता/अनुभव आदि और किसी अन्य पात्रता मानदण्ड को पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी बिना किसी अतिरिक्त सूचना के रद्द कर दी जाएगी।

**9.** आवेदकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अपने पूरे अनुभव और शैक्षणिक प्रदर्शन को उचित स्थान पर भरें। बाद में जोड़ने/हटाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर उम्मीदवार की योग्यता का आकंलन किया जाएगा। बाद में कोई अतिरिक्त दस्तावेज जोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**10.** भा.प्रौ.सं. दिल्ली बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है या यह सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुसार किसी भी खंड में संशोधन कर सकता है। इसी प्रकार, संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विज्ञापित किसी भी पद के लिए या सभी पदों के लिए रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने, भर्ती को पूरी तरह से स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**11.** चयन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता/भ्रम के मामले में निदेशक, भा.प्रौ.सं. दिल्ली का निर्णय अन्तिम होगा।

**12.** **<u>यात्रा भत्ता (टीए) प्रतिपूर्ति</u>**

निश्चित मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता (टीए) का भुगतान नहीं किया जाएगा। हालांकि, मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को ड्यूटी/निवास स्थान से दिल्ली और सबसे छोटे मार्ग से वापस जाने के लिए नियमानुसार रेलवे किराए का भुगतान किया जाएगा। संबंधित प्रत्याशी द्वारा NEFT विवरण देने पर स्वीकार्य राशि उनके बैंक खाते में अंतरण कर दी जाएगी तथा साक्षात्कार स्थल पर कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जो उम्मीदवार पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार के संगठनों, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों आदि सेवाओं में है वे इसके लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

**13.** दिव्यांगों/भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण/छूट तथा उनसे संबंधित प्रतिशत केन्द्र सरकार के वर्तमान आदेशों के अनुसार होंगे।

**14.** चयनित प्रत्याशी भा.प्रौ.सं. दिल्ली के किसी भी परिसर में सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

**15.** चिकित्सा अधिकारी पद के लिए सेवानिवृत्त की आयु 65 वर्ष और अन्य पदों के लिए आयु 60 वर्ष है।

**16.** (क) प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन केवल **11.03.2024 से 19.04.2024 को सांय 5.00 बजे तक** कर सकते हैं। इसमें दोनों तिथियां सम्मिलित है।

(ख) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने के लिए संस्थान वेबसाइट पर जाएः

1. Direct Link: https://ecampus.iitd.ac.in/IITDSR-0/login
2. Alternatively: https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php

(ग) सरकारी/अर्धसरकारी संगठनों/लोक उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में नियोजित प्रत्याशी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट सभी जरुरी दस्तावेजों (स्वसत्यापित) जमा करने की अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर उचित माध्यम द्वारा भेजें। ऐसा न करने पर प्रत्याशी को चयन प्रकिया के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए उन्हें अग्रिम प्रति **भर्ती प्रकोष्ठ, कमरा नं. 207/सी–7, उप निदेशक (प्रचालन) कार्यालय के निकट, आईआईटी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली–110016** पर भेजनी होगी। उम्मीदवार को स्पष्ट रूप से लिफाफे के शीर्ष पर **"विज्ञापन सं. E-II/07/2024 (DR) दिनांक 11 मार्च, 2024 के लिए आवेदन"** लिखना होगा।

(घ) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक बार आवेदन करता है या डुप्लिकेट आवेदन प्राप्त होता है, तो अंतिम भरे हुए आवेदन पर आगे की शॉर्टलिस्टिंग के लिए विचार किया जाएगा।

(ड.) प्रत्याशियों को योग्यता के क्रम में (10वीं, 12वीं, स्नातक से आगे), अनुभव (वर्तमान से शुरू करके अंतिम तक), नवीनतम वेतन पर्ची, जाति प्रमाणपत्र आदि सभी आवश्यक दस्तावेजों को आवेदन पत्र में उल्लिखित क्रम में एक पी. डी.एफ. फाइल **(2MB से अधिक नहीं)** में अपलोड करना होगा।

17. **प्रत्याशियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन में अपने सही और सक्रिय ईमेल पते का उल्लेख करें** क्योंकि सभी पत्राचार जैसे कि एडमिट कार्ड जारी करना या कोई अन्य जानकारी केवल ई–मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

18. चयन प्रक्रिया में अनजाने से हुई गलती जिसका पता नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद किसी भी स्तर पर लगाया जा सकता है, संस्थान आवेदक को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

19. समूह 'ए' की प्रत्येक रिक्ति के लिए भरे जाने वाले पदों की संख्या और प्रस्तुतीकरण व साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या का अनुपात संस्थान द्वारा तय किया जाएगा। अधिकतम अनुपात की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, संस्थान अपने विवेक से उम्मीदवारों के लिए मानदण्ड तय कर सकता है।

20. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा और प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

21. संस्थान एक ऐसा कार्यस्थल बनाने का प्रयास करता है जहां विविधता की समानता हो और सभी वर्ग, जाति, लिंग एवं धर्म के प्रत्याशियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

22. चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी कानूनी विवाद दिल्ली के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों के अधीन होगा।

23. उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद शॉर्टलिस्टेड और नॉन–शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की सूची (केवल पंजीकरण संख्या तथा शार्टलिस्ट न होने के कारण दर्शाते हुए) संस्थान की वेबसाइट *https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php* पर प्रदर्शित की जाएगी। आवेदकों को अपनी शॉर्टलिस्टिंग/गैर–शॉर्टलिस्टिंग के लिए इस वेबसाइट पर निरंतर नजर रखनी चाहिए। शॉर्टलिस्टिंग पर यदि कोई अभिवेदन हो तो सूची के प्रकाशन की तारीख से 05 (पॉच) दिनों की अवधि के भीतर ईमेल *recruitmentcell@admin.iitd.ac.in* पर संस्थान को भेजना होगा।

24. पद के लिए निर्धारित आवश्यक अनुभव पर विचार पद के लिए न्यूनतम आवश्यक योग्यता होने के बाद ही किया जाएगा। अर्थात योग्यता के बाद ही अनुभव पर विचार किया जाएगा।

25. पात्रता/अनुभव/आयु की गणना विज्ञापन की अंतिम तिथि पर गिनी जाएगी।

26. आगे के प्रक्रिया के लिए न्यूनतम दो वर्ष की मास्टर डिग्री तथा 3 वर्ष की स्नातक डिग्री पर विचार किया जाएगा।

27. यदि उम्मीदवार निर्धारित के समकक्ष आवश्यक अहर्ता डिग्री का दावा करता है तो दस्तावेज सत्यापन के समय समकक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी।

28. यदि उम्मीदवार IDA/CDA वेतनमान में कार्यरत है तो उन्हें 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग (CPC) वेतन मैट्रिक्स के अनुसार समकक्ष प्रमाणन अपलोड करना होगा।

29. संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारियों के लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022 के अनुसार नियम एवं शर्ते लिंक *http://rti.iitd.ac.in* पर उपलब्ध है।

**30**. यदि ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई समस्या आती है, तो कृपया ई–मेल *recruitmentcell@admin.iitd.ac.in* के माध्यम से सम्पर्क करें।

**31**. पात्रता, आवेदन पत्र का स्तर, डाक से विलम्ब, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और परिणाम आदि के लिए न बुलाए जानेके कारण के संबंध में किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**32**. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में कोई अस्पष्टता/विवादित स्थिति पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम समझा जायेगा।